राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 4 सितम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उनकी स्मृति में मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर कहा कि वह एक महान विचारक और शिक्षक थे। उन्होंने शैक्षिक संस्थाओं के जरिए शिक्षा के गुणात्मक प्रसार के साथ ही भारतीय संस्कृति, परम्पराओं, उच्च आदर्श मूल्यों, नैतिकता आदि के संस्कारों की शिक्षा प्रदान करने का भी आह्वान किया।

—